**प्रेरणा**
"कर्म सुख भले ही न ला सके, परंतु कर्म के बिना सुख नहीं मिलता।"

सच कहने की ताकत
साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-4 • 18 NOVEMBER TO 24 NOVEMBER 2022 • VOLUME-18 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE CONSULTING DESIGN TRAINING
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges & *Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD
CANADA AUSTRALIA USA U.K SINGAPORE EUROPE
E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.
*T&C apply

# डेरा प्रेमी हत्याकांड में दो मुख्य शूटर व मददगार गिरफ़्तार

## डीजीपी ने कहा- कैनेडा बैठे गोल्डी बराड़ की साजिश का पर्दाफाश करने में मिलेगी मदद

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिशा-निर्देशों पर पंजाब को अपराध मुक्त राज्य बनाने के लिए चलाई जा रही मुहिम के हिस्से के तौर पर, पंजाब पुलिस ने आज प्रदीप सिंह की सुनियोजित हत्या करने वाले दो मुख्य शूटरों समेत तीन व्यक्तियों को गिरफ़्तार किया है। प्रदीप को 6 शूटरों ने 10 नवंबर, 2022 को कोटकपूरा में उसकी दुकान के बाहर मौत के घाट उतार दिया था।




डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने बताया कि गिरफ़्तार किये गए दो शूटरों की पहचान मनप्रीत सिंह उर्फ मनी (26) और भुपिन्दर सिंह उर्फ गोलडी (22) निवासी फरीदकोट के तौर पर हुई है, जबकि तीसरे गिरफ़्तार मुलजिम की पहचान बलजीत सिंह उर्फ मन्ना निवासी श्री मुक्तर साहिब के तौर पर हुई है। डीजीपी ने कहा कि पंजाब पुलिस ने पहले दिन ही दो मुख्य शूटरों मनप्रीत मनी और भुपिन्दर गोलडी की पहचान कर ली थी और इस सम्बन्ध में पुलिस की तरफ से व्यापक छापेमारी की जा रही थी। उन्होंने बताया कि ख़ुफ़िया जानकारी के नेतृत्व वाली सांझी कार्यवाही के दौरान, काउन्टर इंटेलिजेंस जालंधर, होशियारपुर पुलिस और फरीदकोट पुलिस ने होशियारपुर जिले के बाहरी इलाके से दोनों शूटरों को काबू किया, जब वह हिमाचल प्रदेश को भागने के लिए बस पकड़ने का इन्तज़ार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि गिरफ़्तार किये गए दोनों शूटरों पर फिरौती और अन्य अपराधों से सम्बन्धित मामले दर्ज हैं और उनसे पूछताछ के दौरान वारतदात को अंजाम देने में मदद करने वाले कैनेडा स्थित आतंकवादी गोलडी बराड़ और उसके साथियों के नैटवर्क की तरफ से रची गई सारी साजिश का पर्दाफाश होने की उम्मीद है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि ऐसी एक और सफलता दर्ज करते हुये फरीदकोट पुलिस ने बलजीत मन्ना, जिसने दो नाबालिगों और जतिन्दर जीतू के तौर पर पहचाने गए हरियाणा के तीन शूटरों को लाजिस्टिक सहायता प्रदान की थी, के दोष में फरीदकोट के जैतो क्षेत्र से गिरफ़्तार किया है। हरियाणा के तीनों शूटरों को कुछ दिन पहले दिल्ली स्पैशल सैल ने गिरफ़्तार किया था।

एसएसपी फरीदकोट राजपाल सिंह ने बताया कि जुडिशियल मैजिस्ट्रेट पहली श्रेणी (जेऐमआईसी) की अदालत की तरफ से कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चों का पाँच दिन के लिए पुलिस रिमांड देने के उपरांत पुलिस की तरफ से दोनों नाबालिग मुलजिमों को पूछताछ के लिए लाया गया है और इस सम्बन्धी और पूछताछ जारी है।

ज़िक्रयोग्य है कि थाना सिटी कोटकपूरा में आइपीसी की धारा 302, 307, 148, 149 और 120-बी और हथियार एक्ट की धाराओं 25/ 54/ 59 के अधीन एफ. आई. आर. नम्बर 228 तारीख़ 10. 11. 2022 पहले ही दर्ज है।

# पुलिस मुलाज़िम व एक निजी व्यक्ति रिश्वत लेते गिरफ्तार

• जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की तरफ से जारी हिदायतों के अंतर्गत राज्य में से भ्रष्टाचार के ख़ात्मे के लिए पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने शुरु की मुहिम के दौरान सोमवार को एक सीनियर पुलिस कांस्टेबल और एक व्यक्ति को 10,000 रुपए की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों काबू कर लिया।

विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त मुलजिम सिपाही गुरदीप सिंह (नंबर 1665/ अमृतसर), जोकि ए. सी. पी. पूर्वी अमृतसर के दफ़्तर में नायब रीडर के तौर पर तैनात है और प्राईवेट व्यक्ति मयूर, निवासी करीमपुरा, अमृतसर को सुच्चा सिंह निवासी प्रताप नगर, अमृतसर की शिकायत पर गिरफ़्तार किया है। उन्होंने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो के पास पहुँचकर दोष लगाया है कि स्थानीय पुलिस ने उसके लड़के के ख़िलाफ़ मामला दर्ज किया हुआ है और उक्त पुलिस कर्मचारी और प्राईवेट व्यक्ति इस सम्बन्ध में शिकायतकर्ता के साथ पुलिस केस में समझौता करवाने के बदले 15,000 रुपए रिश्वत की माँग कर रहे हैं, परन्तु सौदा 10,000 रुपए में हुआ है।




प्राप्त शिकायत के तथ्यों और सबूतों की जांच के उपरांत विजीलैंस ब्यूरो की टीम ने उक्त पुलिस मुलाज़िम और प्राईवेट व्यक्ति को दो सरकारी गवाहों की हाज़िरी में शिकायतकर्ता से 10,000 रुपए की रिश्वत लेने के दोष अधीन रंगे हाथों काबू किया है।

प्रवक्ता ने बताया कि इस सम्बन्ध में दोनों दोषियों के ख़िलाफ़ भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के अंतर्गत विजीलैंस ब्यूरो के थाना अमृतसर में मुकदमा दर्ज करके आगे कार्यवाही शुरू कर दी है।

## गुजरात चुनाव के लिए भाजपा का मेगा प्लान

# 89 क्षेत्रों में नड्डा-योगी सहित आज कई नेता करेंगे प्रचार

**अहमदाबाद :** गुजरात विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी ताकत झोंकनी शुरू कर दी है। यही कारण है कि अब भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी चुनावी दंगल में उतरने जा रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा शुक्रवार से गुजरात में प्रचार करेंगे। जानकारी के मुताबिक गुजरात की 89 विधानसभा क्षेत्रों में शुक्रवार को भाजपा रैली करेगी। इसमें भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई केंद्रीय मंत्री और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। आपको बता दें कि पहले 89 विधानसभा सीटों पर 1 दिसंबर को मतदान होना है। यही कारण है कि शुक्रवार को 89 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा रैली करने जा रही है। खबर के मुताबिक जेपी नड्डा प्रचार अभियान को धार देते हुए नवसारी, अंकलेश्वर और राजकोट में तीन चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। वहीं, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी तीन चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। नरेंद्र सिंह तोमर और अनुराग ठाकुर का भी कल गुजरात दौरा होगा। यह दोनों नेता 4-4 रैलियों को संबोधित कर सकते हैं। गुजरात में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। जानकारी के मुताबिक ये दोनों नेता तीन से चार चुनावी सभाओं को संबोधित कर सकते हैं। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री वीके सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते भी गुजरात में पार्टी के पक्ष में प्रचार करते दिखेंगे।



पहले चरण की बात करें तो गुजरात के सौराष्ट्र, कच्छ और दक्षिण गुजरात के इलाकों में चुनाव होंगे। पहले चरण का चुनाव 1 दिसंबर को तो वही दूसरे चरण का चुनाव 5 दिसंबर को होगा। दूसरे चरण में गुजरात में 93 सीटों पर मतदान होगा। दूसरे चरण में उत्तर गुजरात और मध्य गुजरात में ही चुनाव है। भाजपा यहां पर एक बार फिर से सत्ता वापसी के लिए पूरी मेहनत कर रही है।

# टेरर फंडिंग रोकने के लिए 'नो मनी फॉर टेरर' सम्मेलन आज से, पाकिस्तान नहीं लेगा हिस्सा

**नई दिल्ली.** एनआईए डीजी दिनकर गुप्ता ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग क्राउडफंडिंग प्लेटफॉर्म के रूप में किया जाता है, और ऐसे स्रोतों से जुटाए गए धन का उपयोग अंततः आतंकी उद्देश्यों के लिए किया जाता है। यह एक ऐसा मुद्दा है जिस पर चर्चा करने की आवश्यकता है। 18-19 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित हो रहे 'नो मनी फॉर टेरर' सम्मेलन के तीसरे संस्करण में 78 देश और बहुपक्षीय संगठन हिस्सा ले रहे हैं। पीएम मोदी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस सम्मेलन को विभिन्न विषयों पर 4 सत्रों में विभाजित किया गया है।




सजय वर्मा ने कहा कि चीन को 'नो मनी फॉर टेरर' सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। वहीं पाकिस्तान 'नो मनी फॉर टेरर' सम्मेलन में हिस्सा नहीं ले रहा है। इसके साथ ही आतंक के वित्तपोषण के लिए जो नए तरह के तरीके या पारंपरिक तरीकों का इस्तेमाल हो रहा है, उन सभी पर इस सम्मेलन में चर्चा होगी। हवाला के पैसे के पारंपरिक तरीके और आतंक के वित्तपोषण के नए तरीके सम्मेलन में चर्चा का हिस्सा होंगे। सम्मेलन में सभी देशों के 20 से अधिक मंत्री भाग ले रहे हैं।

उन्होने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद में भारी कमी आई है लेकिन लड़ाई तो लड़नी ही होगी। बता दें कि एक तरफ 18 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस विश्व स्तरीय सम्मेलन को 11 बजे के करीब संबोधित करेंगे तो वहीं 19 नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इसके समापन पर ताज पैलेस होटल में शाम 5 बजे अलग-अलग देशों से आए प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे।

# पंजाबी गायक बब्बू मान को जान से मारने की धमकी

• जालंधर ब्रीज.मोहाली

सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के बाद एक और पंजाबी गायक की जान पर बन आई है। पंजाबी गायक बब्बू मान को जान से मारने की धमकी मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजाब के नामी गैंगस्टर बंबीहा ग्रुप की तरफ से सिंगर को फोन कॉल के ज़रिए ये धमकी मिली है। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। साथ ही मोहाली पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद बब्बू मान के घर की सुरक्षा को भी बढ़ा दिया है।



आपको बता दें कि फोन पर जान से मारने की धमकी मिलने के बाद गायक बब्बू मान ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने उनके घर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।

## फिर मिलने के वायदे के साथ 'खेडां वतन पंजाब दियां' समाप्त

# इनामी राशि सीधे विजेताओं के खाते में ट्रांसफर

• जालंधर ब्रीज.लुधियाना

अगले साल फिर मिलने के वायदे के साथ लगभग तीन महीनों तक चला खेल मेला 'खेडां वतन पंजाब दियां' गुरूवार को यहाँ गुरू नानक स्टेडियम में रंगारंग प्रोग्राम के साथ समाप्त हो गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने खेल के क्षेत्र में राज्य की पुरानी शान बहाल करने का प्रण लिया। राज्य स्तर पर स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतने वाले 9961 खिलाडिय़ों के बैंक खातों में 6.85 करोड़ रुपए की राशि डिजिटल तौर पर ट्रांसफर करने के बाद इक्- को संबोधन करते हुये मुख्यमंत्री ने सभी खिलाडिय़ों को इन खेलों की शानदार सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि स्वर्ण पदक जीतने वाले के खाते में 10 हज़ार रुपए, रजत पदक जीतने वाले के खाते में सात हज़ार रुपए और कांस्य पदक विजेता के खाते में पाँच हज़ार रुपए ट्रांसफर किये गए हैं। मान ने कहा कि खेल गतिविधियों को उत्साहित करने के लिए यह खेल हर साल करवाये जाएंगें।



मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय खेल में क्रमवार 202, 133 और 123 स्वर्ण पदक जीत कर पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करने वाले पटियाला, लुधियाना और एसएएस नगर की टीमों का सम्मान किया। उन्होंने अमृतसर, बरनाला, फरीदकोट, जालंधर, लुधियाना, पटियाला, रूपनगर, एस. ए. एस. नगर और संगरूर समेत नौ जिलों को उनके जिलों में राज्य स्तरीय खेलों का प्रबंध करने के लिए भी सम्मानित किया।

## बैकफुट पर आया ड्रैगन

# खुलेआम जिनपिंग ने करवाई फजीहत, ट्रूडो वाले वीडियो पर दी सफाई

• जालंधर ब्रीज. वर्ल्ड न्यूज

इंडोनेशिया के बाली में हुए जी-20 शिखर सम्मेलन के इतर हुई चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और जस्टिन ट्रूडो के बीच बातचीत पर बीजिंग की प्रतिक्रिया आई है। चीनी विदेश मंत्रालय ने बयान जारी करके बताया है कि ट्रूडो के साथ बातचीत वाले वीडियो में शी किसी की आलोचना या फिर दोष नहीं दे रहे थे। दरअसल, जिनपिंग ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो साथ हुई मुलाकात में नाराजगी जताई थी कि उनकी पहले की भेंट में हुई बातचीत मीडिया में लीक हो गई। यह पूरी घटना टीवी कैमरों पर कैद हो गई थी, जिसमें देखा जा रहा था कि जिनपिंग ट्रूडो से नाराज हैं और मीडिया लीक को लेकर आपत्ति जता रहे थे।

दुनियाभर में जिनपिंग के इस रवैये को लेकर आलोचना की गई थी। इससे चीनी राष्ट्रपति की काफी फजीहत हुई। जिनपिंग के सार्वजनिक तौर पर बातचीत करने के तरीके को लेकर सवाल किए जाने लगे थे। इस पूरी घटना पर सफाई पेश करते हुए चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा, "शी ट्रूडो वाले वीडियो में किसी की आलोचना या फिर दोष नहीं दे रहे हैं।" चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, "मुझे नहीं लगता कि इसे शी जिनपिंग की आलोचना या किसी पर दोषारोपण के रूप में व्याख्यायित किया जाना चाहिए।"

### 'चर्चा को अखबार में किया जाता है लीक'

चीनी राष्ट्रपति ने जी-20 बैठक के समापन सत्र के इतर एक ट्रांसलेटर के जरिए ट्रूडो से कहा था, "हम हर जिस चीज पर चर्चा करते हैं उसे अखबार को लीक कर दिया जाता है। यह उचित नहीं है।" उन्होंने कहा, "यह संवाद का तरीका नहीं है। अगर गंभीरता हो तो हमारे बीच अच्छी बातचीत हो सकती है, अन्यथा मुश्किल होगी।" जिनपिंग ने चीनी भाषा में यह बात कही जिसका अनुवाद अंग्रेजी में करके उनके आधिकारिक ट्रांसलेटर ने इसे ट्रूडो से कहा।

### कनाडा के पीएम ट्रूडो ने भी दिया जवाब

ट्रूडो भी नहीं रुके और उन्होंने अनुवादक को बीच में टोकते हुए कहा, "हम स्वतंत्र, खुले और स्पष्ट संवाद में विश्वास करते हैं और यही हम करते रहेंगे। हम रचनात्मक रूप से एक साथ काम करना जारी रखेंगे लेकिन ऐसी चीजें होंगी जिन पर हम असहमत होंगे।" इस पर चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग ने कहा, "पहले हम स्थितियां बनाएं", जिसके बाद दोनों ने हाथ मिलाया और अलग-अलग दिशा में चले गए। जिनपिंग के साथ बातचीत के बारे में पूछे जाने पर, ट्रूडो ने कहा, "हर बातचीत आसान नहीं होने वाली है, लेकिन यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि हम उन चीजों के लिए खड़े हों जो कनाडाई लोगों के लिए अहम हैं।"




Xi Jinping Justin Trudeau Video Issue...

दरअसल, जिनपिंग ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो साथ हुई मुलाकात में नाराजगी जताई थी कि उनकी पहले की भेंट में हुई बातचीत मीडिया में लीक हो गई।

# बिहार के सबसे पवित्र मंदिरों में से एक है महाबोधि मंदिर

• **जालंधर ब्रीज.** नॉलेज

दुनियाभर में बौद्ध धर्म को मानने वाले लोगों के लिए बोधगया बेहद पवित्र जगह है जहां हर साल लाखों बौद्ध अनुयायी आते हैं। इस मंदिर को महान जागृति मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। महाबोधि मंदिर शहर का केंद्र है। मंदिर परिसर के अंदर मोबाइल फोन की अनुमति नहीं है। अगर आप जल्द यहां जाने वाले हैं तो जान लीजिए ये खास बातें–

### बोधि वृक्ष

यह मंदिर परिसर का सबसे जरूरी और पूजनीय हिस्सा है। बोधि वृक्ष पश्चिम की ओर है और सीधे मुख्य मंदिर के पीछे है। यहीं पर गौतम बुद्ध ने पूर्णिमा की रात को ज्ञान प्राप्त किया था। यह पीपल का विशाल पेड़ है और एक चौकोर कंक्रीट की दीवार से घिरा है।

### मेडिटेशन पार्क

मंदिर परिसर में घूमकर बुद्ध के मार्ग का पता लगाया जा सकता है। हालांकि, मेडिटेशन पार्क अपने आप में एक अलग दुनिया है। मुख्य मंदिर की ओर एंटर करते ही यह उद्यान बाईं ओर है। पार्क दो विनम्र घंटियों से सुशोभित है। भले ही यहां पेड़ों से घनी छाया न हो, लेकिन इस जगह की हरियाली और खामोशी ध्यान लगाने वालों को व्याकुलता से दूर रहने में मदद करती है।

### मुचलिंडा सरोवर

मुचलिंडा सरोवर दक्षिण की ओर है और ध्यान पार्क के बाद आता है। बुद्ध छठे हफ्ते में यहां ध्यान कर रहे थे। जब यहां एक आंधी आई, तो बुद्ध अडिग रहे और ध्यान करते रहे। तभी झील के सर्प राजा मुचलिंडा, बारिश में बुद्ध को शरण देने के लिए निकले। झील का नाम सांप राजा के नाम पर पड़ा है।

### क्लॉस्टर वॉक

क्लॉस्टर वॉक को कंकामना भी कहा जाता है। यह एक पत्थर के चबूतरे पर बना है। यहीं बुद्ध ने अपना तीसरा हफ्ता ध्यान में बिताया था। माना जाता है कि इस वॉकथ्रू में कमल वे स्थान हैं जहां बुद्ध ने कदम रखा था।

### बटर लैंप हाउस

बटर लैम्प हाउस मंदिर परिसर के दक्षिण–पश्चिमी भाग की ओर है। परंपरा के रूप में यहां पर मक्खन के दीये चढ़ाए जाते हैं। पहले ये दीपक सीधे बोधि वृक्ष के नीचे जलाए गए थे, लेकिन पवित्र वृक्ष को उनकी गर्मी से होने वाले नुकसान के कारण जगह को बदल दिया गया।




## FASHION+

# शुरुआती ठंड में स्टाइल से समझौता किए बिना फॉलो कर सकते हैं ये टिप्स

कई लोग स्वेटर पहनने से लुक खराब हो जाएगा इसलिए वे लापरवाही करने लग जाते हैं जबकि सुबह और शाम की हल्की ठंड हेल्थ के लिए ठीक नहीं होती है। आइए, जानते हैं कुछ टिप्स...



ठंड की शुरुआत होते ही कई लोग कपड़ों को लेकर बहुत कंफ्यूज होने लग जाते हैं। उन्हें लगता है कि आखिर स्वेटर पहनने से लुक खराब हो जाएगा इसलिए वे लापरवाही करने लग जाते हैं जबकि सुबह और शाम की हल्की ठंड हेल्थ के लिए ठीक नहीं होती है। हवा लगने से न सिर्फ आपको खांसी–जुकाम और गला खराब होने की दिक्कत हो सकती है बल्कि इससे आपका सिर्फ भी दर्द हो सकता है। ऐसे में आपको ठंड से बचाव तो करना ही चाहिए। आज हम आपको ऐसे टिप्स बता रहे हैं जिनसे आप न सिर्फ ठंड से बचे रहेंगे बल्कि आपको स्टाइल से भी समझौता नहीं करना पड़ेगा।

**श्रग पहनें** - आप अगर अभी भी टीशर्ट पहन रहे हैं, तो इसके ऊपर श्रग जरूर पहनें। इससे आप ठंड से भी बचे रहेंगे और आप काफी स्टाइलिश भी नजर आएंगे। आपको अगर दोपहर के वक्त ज्यादा गर्मी लगे, तो आप श्रग उतारकर रख भी सकते हैं।

**डेनिम जैकेट** - डेनिम जैकेट कभी भी आउट ऑफ फैशन नहीं होती है। ऐसे में आपको डेनिम जैकेट जरूर पहननी चाहिए। डेनिम जैकेट किसी भी कपड़ों के साथ फिट बैठ जाती है। आप इसे कुर्ती के ऊपर भी पहन सकते हैं।

**स्टॉल** - आपको अगर कानों में ज्यादा ठंड लगती है, तो आप स्टॉल भी कैरी कर सकते हैं। आप किसी भी टॉप या ड्रेस के ऊपर स्टॉल ले सकते हैं। आपको फ्लोरल प्रिंट के स्टॉल कैरी करने चाहिए। यह काफी अच्छे लगते हैं।

**पोंचू टॉप** - सर्दियों के लिए पोंचू टॉप भी काफी अच्छे लगते हैं। इस स्टाइल में आपका लुक भी बहुत अच्छा लगता है और डबल लेयर होने के चलते आपको ज्यादा ठंड भी नहीं लगती।



# देसी तरीके से बनाएं गार्लिक सूप, खांसी-जुकाम और गले के दर्द से मिलेगा आराम

बदलते मौसम में यह बीमारियां बहुत आम है। मौसम के अलावा प्रदूषण भी एक कारण है जिसकी वजह से आपको ये प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। आइए, जानते हैं कैसे बनाएं देसी गार्लिक सूप



आपको अगर खांसी–जुकाम या गले में दर्द में दर्द है, तो आपको घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि बदलते मौसम में यह बीमारियां बहुत आम है। मौसम के अलावा प्रदूषण भी एक कारण है जिसकी वजह से आपको ये प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। ऐसे में देसी सूप आपके लिए बहुत कारगर है। आज हम आपको गार्लिक सूप बनाने का तरीका बता रहे हैं। यह सूप बहुत जल्दी बनकर तैयार हो जाता है। आइए, जानते हैं कैसे बनाएं–

**सामग्री-**

- √ लहसुन
- √ अदरक
- √ दालचीनी
- √ काली मिर्च साबुत और पाउडर
- √ हरा धनिया
- √ जीरा
- √ हींग
- √ घी

**विधि-**

इस सूप को बनाने के लिए आपको चाहिए 7–8 लहसुन की कलियां। इसे छीलकर धो लें। एक पतीले में तीन गिलास पानी लें अब इसमें पिसा हुआ लहसुन की कलियां, एक अदरक का टुकड़ा, काली मिर्च, दालचीनी डाल दें। अब इसे पकने दें। आप इन चीजों को पीसकर पानी में डाल सकते हैं। इसके बाद इन्हें धीमी आंच में पकने दें। अब इसमें नमक मिलाएं। इसे अच्छी तरह पकने दें। जब यह अच्छी तरह पकने लगे और सारी चीजों की महक आपको मिलने लग जाए, तो इसे गैस से उतार दें। इसे छान लें या फिर बिना छानें भी पी सकते हैं। हरा धनिया और काली मिर्च पाउडर डालकर इसे सर्व करें। आप चाहें, तो इसमें घी में जीरा और हींग से तड़का भी लगा सकते हैं। इससे सूप का स्वाद बढ़ जाएगा। यह स्वादिष्ट होने के साथ पौष्टिक भी है। बच्चों को भी यह सूप पिला सकते हैं लेकिन बच्चों को कम मात्रा में ही यह सूप देना चाहिए।

# म्यूजिक बजते ही हमारे शरीर में ऐसा क्या होता है कि हम नाचने लगते हैं?



## KNOWLEDGE+

संगीत हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है। नाचना सबको नहीं आता, लेकिन कई बार जब उस तरह का संगीत बजता है तो हमारे पैर जरूर हिलने लगते हैं। या फिर पूरा शरीर थिरकने लगता है। लेकिन ऐसा होता क्यों है? कनाडा में एक इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक कॉन्सर्ट में इस बारे में स्टडी की गई है, जो 'करंट बायोलॉजी' में प्रकाशित हुई है। कुछ साल पहले ऐसी ही एक स्टडी ऑस्ट्रेलिया में भी की गई थी।

ऑस्ट्रेलियाई रिसर्चर्स के अनुसार, म्यूजिक पर थिरकने का कारण है– म्यूजिक का बेस। स्टडी में उन्होंने लो और हाई फ्रिक्वेंसी साउंड पर मस्तिष्क के भीतर होने वाले बदलावों का विश्लेषण किया। इन्हीं आवाजों से म्यूजिक की रिदम तैयार होती है। रिसर्चर्स ने इसे समझने के लिए इलेक्ट्रोएन्सेफेलोग्राफी का इस्तेमाल किया, जो मस्तिष्क की हरकतों को रीड करता है। शोधकर्ताओं ने देखा कि मस्तिष्क की हर हरकत म्यूजिक की धुन की आवृत्ति पर निर्भर करती है। जिस गाने में बेस ऊंचा है तो पैर थिरकने के लिए ज्यादा मचलेंगे। ऐसे में लोग ज्यादा नाचेंगे। शोधकर्ताओं के मुताबिक, इस तरह की रिसर्च कई तरह की मेडिकल कंडीशन को समझने और बीमारियों का इलाज करने में इस्तेमाल हो सकती है।

अब बात करते हैं ताजा रिसर्च स्टडी की। मैकमास्टर यूनिवर्सिटी के न्यूरोसाइंटिस्ट डेविड कैमरन के अनुसार, कम फ्रीक्वेंसी वाला बेस बजाने पर भी लोगों ने 12 फीसदी ज्यादा डांस किया, जबकि नाचने वाले इस बेस को सुन भी नहीं पा रहे थे। कैमरन के अनुसार, लोगों को पता भी नहीं चल रहा था कि कब म्यूजिक बदल रहा है। लेकिन इससे उनके डांस करने की गति बदल रही थी।


एक्सपर्ट ट्रेंड ड्रमर के अनुसार बेस और डांस में खास संबंध है। उनका कहना है कि इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक कॉन्सर्ट में जब बेस ज्यादा होता है तो लोगों को तब ज्यादा मजा आता है। लोग इसे और बढ़ाने की डिमांड भी करते हैं। कैमरन के अनुसार, वो नहीं जानते थे कि बेस से लोगों को ज्यादा नचवाया जा सकता है।

# स्माइल लाइन को दूर करके नोज शेपिंग में करती हैं मदद ये 3 एक्सरसाइज

कुछ एक्ट्रेस तो सर्जरी का सहारा लेकर अपनी नाक को शेप में लाने की कोशिश करती हैं। जिसके बाद उन्हें कई बार कई तरह के साइड इफ्केट्स भी झेलने पड़ जाते हैं।

• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ

## HEALTH+



आपकी खूबसूरती को निखारने में आपके चेहरे पर लगी सुंदर नाक का बहुत बड़ा हाथ होता है। नाक अगर सुंदर हो तो हर किसी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लेती है। यही कारण है कि कुछ एक्ट्रेस तो सर्जरी का सहारा लेकर अपनी नाक को शेप में लाने की कोशिश करती हैं। जिसके बाद उन्हें कई बार कई तरह के साइड इफ्केट्स भी झेलने पड़ जाते हैं। लेकिन आप बिना सर्जरी के भी अपनी नाक को सिर्फ ये 3 एक्सरसाइज की मदद से शेप में ला सकते हैं। आइए जानते हैं कैसे।

### नोज शेपिंग एक्सरसाइज-

अगर आपको अपनी नाक की शेप पसंद नहीं है और आप उसे बिना किसी सर्जरी के सुंदर बनाना चाहते हैं तो नियमित रूप से ये नोज शेपिंग एकसरसाइज करना शुरू कर दें। इस एक्सरसाइज को करने से आपकी नोज के शेप में आने की संभावना बढ़ सकती है।

### कैसे करें-

नोज शेपिंग एक्सरसाइज करने के लिए सबसे पहले योग मैट पर आराम से बैठते हुए अपनी कमर सीधी रखें। इसके बाद लंबी गहरी सांस लें और छोड़ें। अब फिर से गहरी सांस लें और अपने दोनों हाथों की तर्जनी उंगलियों यानी अंगूठे के साथ की उंगलियों से नाक को साइड से हल्का–सा दबाएं। इसके बाद बलपूर्वक तरीके से नाक से सांस छोड़ें। इस बात का खास ख्याल रखें कि सांस ज्यादा जोर से नहीं छोड़नी है। इस व्यायाम को क्षमतानुसार 10 बार दोहराएं।

### नोज स्ट्रेटनिंग-

नाक को सीधा करने के लिए एक छोटी–सी मुस्कान के साथ किया जाने वाली यह एक्सरसाइज काफी मददगार हो सकती है।

### कैसे करें-

नोज स्ट्रेटनिंग करने के लिए सबसे पहले मुस्कुराएं और फिर उंगलियों की मदद से अपनी नाक को ऊपर उठाएं। यह प्रक्रिया नाक के किनारों की मांसपेशियों के निर्माण में मदद करेगी। बेहतर परिणाम के लिए इस प्रक्रिया को रोजाना 20 से 30 बार दोहराएं।

### स्माइल लाइन दूर करने के लिए एक्सरसाइज

मुस्कुराना अच्छी बात है लेकिन उम्र बढ़ने के साथ यही स्माइल चेहरे पर निशान दे जाती हैं और होठों के आसपास रिंकल्स बनने लगते हैं। बीते वक्त के साथ ये स्माइल लाइन और गहरी हो जाती है, जो देखने में भद्दी लगती है। इसे दूर करने के लिए ये एक्सरसाइज कर सकते हैं।

### कैसे करें-

स्माइल लाइन दूर करने के लिए सबसे पहले अपने मुंह को फुलाकर मुंह के हर हिस्से में हवा घुमाएं। ऐसा 5 सेकंड के लिए रखें। इसके बाद मुंह खोलकर हवा छोड़ सकते हैं। बेहतर परिणाम पाने के लिए इस प्रक्रिया को रोजाना दोहराएं।

# तीसरे विश्व युद्ध में बदलेगी यूक्रेन की जंग, पोलैंड में गिरीं रूसी मिसाइल 2 की मौत; नाटो की बैठक

*यूक्रेन पर रूस के ताबड़तोड़ हमलों के बीच अब पोलैंड भी इस जंग में कूदता दिख रहा है। दरअसल रूस ने मिसाइलों के जरिए यूक्रेन पर हमला बोला था, जिनमें से कुछ पोलैंड की सीमा में जा गिरीं।*

• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज



किसी भी महायुद्ध की शुरुआत किसी एक छोटी घटना से ही होती रही है और दो से अधिक देशों का जंग में उतरना हमेशा इसकी आहट माना जाता है। पहले विश्न युद्ध की बात हो या फिर दूसरे विश्व युद्ध में पोलैंड पर जर्मनी के अटैक की बात हो, दोनें बारल ऐसा ही हुआ था। कुछ ऐसा ही अब यूक्रेन से जंग में भी होता दिख रहा है। यूक्रेन पर रूस के ताबड़तोड़ हमलों के बीच अब पोलैंड भी इसमें कूदता दिख रहा है। दरअसल रूस ने मिसाइलों के जरिए यूक्रेन पर हमला बोला था, जिनमें से कुछ पोलैंड की सीमा में जा गिरीं। इन मिसाइलों के हमले में 2 लोगों की मौत हो गई है। इसके बाद से ही पोलैंड ने अपनी सेना को अलर्ट पर रखा है।

खबर है कि रूसी मिसाइलें यूक्रेन की सीमा से 15 किलोमीटर दूर पोलैंड में जाकर गिरीं। इससे पोलैंड के गांव में जोरदार धमाके हुए और दो लोगों की मौत हो गई। पोलैंड नाटो का सदस्य है और उसने सेना को अलर्ट किया है। यदि इस जंग में पोलैंड उतरता है तो नाटो देश भी उसके समर्थन में होंगे और इस तरह विश्व युद्ध जैसे हालात भी बन सकते हैं। एपी ने अमेरिकी खुफिया अधिकारी के हवाले से कहा कि यह धमाका रूसी मिसाइल के पोलैंड में गिरने से हुआ था। इन दावों की पेंटागन और वाइट हाउस की ओर से जांच की जा रही है।

पोलैंड ने कहा है कि रूस में बनी मिसाइल उसके पूर्वी हिस्से में आकर गिरी है और इसके चलते दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं रूस ने पोलैंड के दावे को खारिज किया है और इसे उकसाने वाला करार दिया है। पोलैंड ने रूस के राजदूत को तलब किया है और मिसाइल गिरने पर रिपोर्ट तलब की है। इस बीच नाटो के चीफ जेन्स स्टॉल्टेनबर्ग ने कहा कि यह पता लगाना जरूरी है कि पोलैंड में जानलेवा विस्फोटक कैसे हुआ। रूस ने ऐसे दावे से इनकार किया है। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि पोलैंड के बयान गलत हैं कि रूसी मिसाइल उनके इलाके में गिरी है। डिफेंस मिनिस्टर ने कहा कि इस तरह के आरोप लगाना गलत है और उकसाने वाला है।

### क्यों पोलैंड पर हमले से जेलेंस्की हैं आक्रामक?

इस बीच जो बाइडेन ने ट्वीट कर कहा है कि हम हमले की जांच में पोलैंड का सहयोग करेंगे। इसके अलावा जी-20 बैठक में मौजूद बाइडेन ने समिट से इतर जी-7 देशों की मीटिंग बुलाई है। इसमें पोलैंड पर कथित हमले को लेकर चर्चा की गई है। इस बीच जेलेंस्की ने रूस के हमले को उकसावे की कार्रवाई बताया है। जेलेंस्की ने मिसाइल हमले के दावे के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया, लेकिन कहा कि पोलैंड पर रूस ने मिसाइल अटैक किया है।

# भारत-अमरीका "युद्धाभ्यास 2022" का उत्तराखंड में आयोजन





• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज

भारत-अमरीका संयुक्त प्रशिक्षण "युद्धाभ्यास-22" के 18वें संस्करण का आयोजन इस माह उत्तराखंड में किया जाएगा। यह युद्धाभ्यास भारत और अमरीका की सेनाओं की उत्कृष्ट पद्धतियों, कौशलों, तकनीकों और प्रक्रियाओं का आदान-प्रदान करने के लिए वार्षिक रूप से आयोजित किया जाता है। युद्धाभ्यास के पिछले संस्करण का आयोजन अक्तूबर 2021 में अमरीका के अलास्का में ज्वाइंट बेस एलमेन्ड्राफ रिचर्डसन में किया गया था।

इस अभ्यास में अमरीकी सेना की 11वीं एयरबॉर्न डिवीजन की सेकेंड बिग्रेड के जवान और भारतीय सेना की असम रेजीमेंट के जवान भाग लेंगे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र अधिदेश के चैप्टर-7 के अंतर्गत एकीकृत युद्धक समूह में नियोजन पर केंद्रित है। इसके अंतर्गत शांति रक्षण और शांति लागू करने से संबंधित सभी प्रकार की कार्रवाइयां शामिल होंगी। दोनों देशों के सैनिक साझा उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मिलकर कार्य करेंगे। संयुक्त अभ्यास के दौरान मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर) कार्रवाइयों पर भी ध्यान दिया जाएगा। दोनों देशों की सेनाओं के जवान किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा में त्वरित और समन्वित रूप से राहत कार्य प्रारंभ करने का भी अभ्यास करेंगे।


दोनों सेनाओं के व्यावसायिक कौशलों और अनुभवों का पूरी तरह लाभ प्राप्त करने के लिए कमांड पोस्ट एक्सरसाइज और सावधानीपूर्वक चयन किए गए विषयों पर एक्सपर्ट एकेडमिक डिशक्शन (ईएडी) किए जाएंगे। फील्ड में प्रशिक्षण अभ्यास के अंतर्गत एकीकृत युद्ध समूहों का सत्यापन, फोर्स मल्टीप्लायर्स, निगरानी ग्रिड की स्थापना और कामकाज, ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स का सत्यापन, पर्वतीय युद्ध कौशल, दुर्गम इलाके और प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों से घिरने पर आकस्मिक निकासी और चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना शामिल है। इस प्रशिक्षण के दौरान युद्धक इंजीनियरिंग, यूएएस/काउंटर यूएएस तकनीकों का नियोजन और सूचना संचालन सहित युद्ध कौशल के व्यापक स्पेक्ट्रम पर आदान-प्रदान और अभ्यास शामिल होंगे।

यह युद्धाभ्यास दोनों देशों की सेनाओं को अपने व्यापक अनुभवों, कौशलों को साझा करने तथा सूचना के आदान-प्रदान से अपनी तकनीकों को संवर्धित करने का अवसर प्रदान करेगा।

# फ्रीज में रखे श्रद्धा के सिर का करता था मेकअप तो कभी मारता था थप्पड़, आफताब की हेट लव स्टोरी के राज

*श्रद्धा मर्डर केस में कई चौंकाने वाल राज धीरे-धीरे खुल रहे हैं। आफताब पूनावाला की हेट लव स्टोरी की बातें सुनकर पुलिसवाले भी हैरान हो रहे हैं। फ्रीज में रखे सिर का मेकअप व थप्पड़ मारता था।*

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली



श्रद्धा मर्डर केस में कई चौंकाने वाल राज धीरे-धीरे खुल रहे हैं। आफताब पूनावाला की हेट लव स्टोरी की बातें सुनकर पुलिसवाले भी हैरान हो रहे हैं। पुलिस सूत्रों की बात मानें तो श्रद्धा का मर्डर करने के बाद आफताब ने शव के 35 टुकड़े करने के बाद सिर को फ्रीज में रखा था।

शव के टुकड़ों को जंगल फेंककर हत्या को छुपाने की पूरी कोशिश की थी। पुलिस सूत्रों की बात मानें तो फ्रीज में रखे श्रद्धा वालकर के कटे सिर का आफताब मेकअप करता था। कटे हुए सिर से बातें भी किया करता था। यहीं नहीं, हत्या के बाद जब उसे गुस्सा चढ़ता था तो आफताब सिर को जोर-जोर से थप्पड़ भी मारा करता मारता था।

**शरीर के टुकड़े करने के बाद इन अंगों को पहले लगाया ठिकाने :** आफताब पूनावाला ने श्रद्धा वॉकर की हत्या करने का मन करीब एक हफ्ते पहले ही बना लिया था। श्रद्धा के साथ अकसर उसकी तीखी बहस होती थी। लिव-इन में रहते हुए आफताब उसे मानसिक प्रताड़ना करने के साथ ही उससे मारपीट भी किया करता था। पुलिस सूत्रों की बात मानें तो, हत्यारोपी आफताब ने श्रद्धा के शव के टुकड़ों में से सबसे पहले उसका लीवर और आंत के टुकड़ों को ठिकाने लगाया था।

**शव के टुकड़े करने में इस्तेमाल औजार की तलाश जारी :** श्रद्धा मर्डर केस में जांच को जुटी दिल्ली पुलिस सबूतों की तलाश में आरोपी आफताब अमीन पूनावाला को मंगलवार को महरौली के जंगलों में लेकर गई थी। श्रद्धा के 35 टुकड़ों में से 10 टुकड़े बरामद कर लिए गए हैं, लेकिन चिंता की बात है कि जांच टीम को अभी तक मर्डर करने के लिए इस्तेमाल हथियार नहीं मिल पाया है। सूत्रों ने बताया कि बरामद किए गए शरीर के अंगों को फॉरेंसिक विशेषज्ञों द्वारा एकत्रित किया गया था, और पुष्टि के लिए लैब भेजा जाएगा। श्रद्धा के पिता के डीएनए सैंपल से शरीर के टुकड़ों को मिलान किया जाएगा।

**श्रद्धा की हत्या के बाद शव के टुकड़ों के साथ सोता था आफताब :** नृशंस हत्या के बाद शव के टुकड़े करते वक्त आफताब की रूह बिल्कुल भी नहीं कांपी थीं। जिस कमरे में आफताब ने श्रद्धा के शव के 35 टुकड़े किए थे, वह उसी कमरे में सोया करता था। आफताब रोज सुबह उठकर फ्रीज में रखे श्रद्धा के सिर को देखा करता था। हत्या का राज छुपाने के लिए वह फ्रीज की रोज सफाई भी किया करता था। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर आफताब शरीर के टुकड़ों का जंगल में जाकर फेंक दिया करता था।

**गला दबाना था आसान, शरीर के टुकड़ों को ठिकाने लगाने में परेशान :** पुलिस हिरासत में आफताब ने मर्डर करने से लेकर शरीर के टुकड़े करने तक की पूरी कहानी बयान की। हत्यारोपी का कहना था कि लिव-इन रिलेशन में रहते हुए श्रद्धा का गला दबाकर मर्डर करने में कोई खासी परेशानी नहीं हुई। हालांकि, हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने में उसे काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। शव को ठिकाने लगाने के लिए उसने शरीर के टुकड़े करने की योजना बनाई थी। अपने मकसद को अंजाम देने के लिए आफताब ने इंटरनेट का भरपूर फायदा उठाया।

# 1.7 करोड़ रुपये में बिके स्टीव जॉब्स के सैंडल, मौजूद हैं पैरों के निशान

*स्टीव जॉब्स के फैन आज भी उनको बहुत पसंद करते हैं। यही वजह है कि हाल मे हुई एक नीलामी में उनके सैंडल्स को 1.7 करोड़ रुपये में खरीदा गया। इन सैंडल्स पर जॉब्स के पैरों के निशान भी मौजूद हैं।*



• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज

स्टीव जॉब्स को इस दुनिया से गए काफी समय हो चुका है, लेकिन अभी भी लोगों के दिल में उनके लिए बेशुमार प्यार है। यही कारण है कि हाल में हुई एक नीलामी में जॉब्स की एक जोड़ी सैंडल 218,750 डॉलर (करीब 1.7 करोड़ रुपये) में बिकीं। यह एक जोड़ी सैंडल के लिए चुकाई गई अब तक की सबसे ज्यादा कीमत है। 1970 के मिड में जॉब्स ने इन ब्राउन सुएड सैंडल्स को खरीदा था। सैंडल की नीलामी करने वाली संस्था के अनुसार सैंडल के कॉर्क और जूट फुटबेड में स्टीव जॉब्स के पैरों के निशान मौजूद हैं।

### कई खास मौकों दिखे इन्हीं सैंडल में दिखे जॉब्स

ऑक्शन हाउस की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार स्टीव जॉब्स ने इन सैंडल्स को ऐपल के इतिहास में कई खास मौकों पर पहना था। ऐपल कंप्यूटर के शुरुआती दिनों में स्टीव अक्सर इन्हीं सैंडल्स में देखे जाते थे। ये सैंडल काफी दिन तक यूज होने के बाद भी अच्छी कंडीशन में हैं। दोनों पैर के सैंडल में अभी भी ओरिजिनल Birkenstock के अडजस्टेबल बकल्स लगे हुए हैं। साथ ही सुएड लेदर फुट स्ट्रैप में अंदर की तरफ आज भी Birkenstock का स्टैंप मौजूद है।

### 'सैंडल स्टीव जॉब्स की सादगी का हिस्सा'

वोग को दिए गए एक इंटरव्यू में जॉब्स की वाइफ Chrisann Brennan ने कहा, 'सैंडल स्टीव जॉब्स की सादगी का हिस्सा हैं। ये एक तरह से उनके यूनिफॉर्म हैं। यूनिफॉर्म की खास बात है कि इनके होने से आपको यह चिंता नहीं होती कि सुबह क्या पहना जाए और क्या नहीं'। नीलामी करने वाली संस्था ने बताया कि स्टीव जॉब्स के सैंडल्स की बोली 60 हजार डॉलर तक लगने की उम्मद की जा रही थी, लेकिन एनएफटी के साथ इनकी फाइनल सेल प्राइस 218,750 डॉलर हो गई थी। सैंडल्स के खरीददार के नाम का खुलासा नहीं किया गया है।

# मस्क ने भारत के ट्विटर यूजर से क्यों मांगी माफी? बोले- जल्द ठीक कर देंगे

*टेस्ला के सीईओ और ट्विटर के नए मालिक अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने कहा है कि भारत सहित कई अन्य देशों में ट्विटर बहुत धीमा है। कभी-कभी, यह बिल्कुल भी काम नहीं करता है। इसके लिए उन्होंने माफी भी मांगी है।*

• **जालंधर ब्रीज.** वर्ल्ड न्यूज



टेस्ला के सीईओ और ट्विटर के नए मालिक अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने कहा है कि भारत सहित कई अन्य देशों में ट्विटर बहुत धीमा है। कभी-कभी, यह बिल्कुल भी काम नहीं करता है। इसके लिए उन्होंने माफी भी मांगी है।

एलन मस्क ने ट्विटर पर कहा कि भारत, इंडोनेशिया और कई अन्य देशों में ट्विटर बहुत धीमा है। यह एक तथ्य है, दावा नहीं। होमलाइन ट्वीट्स को रीफ्रेश करने के लिए 10 से 15 सेकेंड आम हैं। कभी-कभी, यह बिल्कुल भी काम नहीं करता है। खासकर एंड्रॉइड फोन पर एकमात्र सवाल यह है कि बैंडविड्थ/विलंबता/ऐप के कारण कितनी देरी हुई है।

एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा कि वह कई देशों में ट्विटर के सुपर स्लो होने के लिए माफी मांगना चाहेंगे। ऐप सिर्फ होम टाइमलाइन को प्रस्तुत करने के लिए एक हजार खराब बैच वाले रिमोट प्रोसीजर कॉल (आरपीसी) कर रहा है। मुझे ट्विटर पर कई इंजीनियरों द्वारा स्वतंत्र रूप से 12 सौ आरपीसी के बारे में बताया गया था, जो माइक्रोसर्विसेज से मेल खाता है। पूर्व कर्मचारी गलत है। अमेरिका में एक ही ऐप को रिफ्रेश होने में 2 सेकेंड का समय लगता है, लेकिन खराब बैचिंग/वर्बोज कॉम के कारण भारत में 20 सेकेंड का समय लगता है। वास्तव में हस्तांतरित उपयोगी डेटा कम है। सर्वर कंट्रोल टीम के अनुसार, 12 सौ माइक्रोसर्विसेज सर्वर साइड हैं, जिनमें से 40 ट्विटर के बिल्कुल भी काम करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। उपयोग की गति में सुधार के लिए 12 सौ की संख्या को कम करना, डेटा उपयोग को कम करना, क्रमबद्ध यात्राएं और ऐप को सरल बनाना सभी आवश्यक हैं।

# पेंशनभोगियों के लिए राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान शुरू

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार ने केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। माननीय राज्यमंत्री (पीपी) डॉ. जितेंद्र सिंह ने किसी भी एंड्रॉइड मोबाइल फोन के माध्यम से जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक का शुभारंभ किया था। सभी पंजीकृत पेंशनभोगी संघों, पेंशन संवितरण बैंकों, भारत सरकार के मंत्रालयों और सीजीएचएस वेलनेस केंद्रों को निर्देश दिया गया है कि वे पेंशनभोगियों के 'सुविधापूर्ण जीवन' सुनिश्चित करने के लिए, जीवन प्रमाणपत्र जमा करने हेतु डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र/फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक को बढ़ावा देने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन करें। इसी कड़ी में, केंद्र सरकार की एक टीम पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग की ओर से चंडीगढ़ में थी। केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के लिए एक दिवसीय अभियान 11 नवंबर 2022 को पंजाब नेशनल बैंक, अंचल कार्यालय, दूसरी मंजिल, सेक्टर 17-बी, बैंक स्क्वायर, चंडीगढ़ में आयोजित किया गया था।

चंडीगढ़ और मोहाली के पेंशनभोगियों ने इस अभियान में उत्साह से भाग लिया, जिसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कई पुराने पेंशनभोगी यहां तक कि महिला पेंशनभोगी भी फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए आईं। उन्होंने इस नई तकनीक की शुरूआत पर अपनी प्रसन्नता और संतोष व्यक्त किया। अपने मोबाइल फोन में फेस ऑथेंटिकेशन जीवन प्रमाण ऐप डाउनलोड करने और अपने फोन से जीवन प्रमाणपत्र देने के संबंध में विभाग के अधिकारियों द्वारा इन पेंशनभोगियों का मार्गदर्शन किया गया। जीवन प्रमाणपत्र 60 सेकंड के भीतर जेनरेट होता है और मोबाइल फोन पर एक लिंक भेजा जाता है जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग, भारत सरकार द्वारा डिजिटल दुनिया में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। अशोक कुमार सिंह, अवर सचिव, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने बताया कि पहले जीवन प्रमाणपत्र व्यक्तिगत रूप से देने के लिए वृद्ध पेंशनभोगियों को बैंकों के बाहर कतारों में घंटों खड़ा होना पड़ता था। अब, यह उनके घर से ही आसानी से एक बटन के क्लिक पर संभव हो गया है।



टीम ने सीजीएचएस वेलनेस केंद्र का दौरा किया और पेंशनभोगियों को उनके सुविधापूर्ण जीवन के लिए डीएलसी के बारे में जागरूक करने के लिए बातचीत की। पेंशनभोगियों को प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण के माध्यम से उन्हें सुविधा देने के लिए विभाग द्वारा की गई नई पहलों से अवगत कराया गया।

मोबाइल द्वारा फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से जीवन प्रमाणपत्र जमा करने की प्रक्रिया में, आधार संख्या, ओटीपी के लिए मोबाइल नंबर, पीपीओ नंबर, बैंक/डाकघर के साथ खाता संख्या के बारे में ब्यौरे पहली बार आवश्यक हैं। यह सुविधा राज्य सरकार के कर्मचारियों और राज्य के कोषागार कार्यालय के रूप में संवितरण प्राधिकरण के लिए भी उपलब्ध है।

स्नेह सिंगला, डिप्टी जोनल मैनेजर, सुधीर कुमार, सर्कल हेड और मोहम्मद इश्तियाक, चीफ मैनेजर, पंजाब नेशनल बैंक, जोनल ऑफिस, चंडीगढ़ ने पेंशनरों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में बैंकों,चंडीगढ़ और मोहाली के पेंशनभोगी संघों, आई पी पी बी और युआईडीएआई के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। इस अभियान की सफलता के लिए इन हितधारकों की भागीदारी अमूल्य थी। श्री अशोक कुमार सिंह, अवर सचिव, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने आयोजन के दौरान सभी प्रतिनिधियों को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया।

विभाग फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए पूरे नवंबर माह में अभियान चला रहा है।

# बच्चों व महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए नहीं छोड़ी जाएगी कोई कमी : डॉ. बलजीत कौर

## कैबिनेट मंत्री ने गांव ढोलनवाल आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित 'उडारियां बाल विकास मेले' में की शिरकत

• **जालंधर ब्रीज.होशियारपुर**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, सामाजिक सुरक्षा और महिला व बाल विकास मंत्री पंजाब डा. बलजीत कौर ने कहा कि विभाग की ओर से बच्चों व महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत ही गंभीरता से कार्य किए और इस ओर कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि विभाग जहां आंगनवाड़ी सैंटरों के माध्यम से बच्चों के पूर्ण विकास को लेकर दृढ़ता से कार्य कर रहा है वहीं वन स्टाप सैंटर के माध्यम से महिलाओं को भी सशक्त बनाया जा रहा है। वे आज होशियारपुर दौरे के दौरान अलग-अलग कार्यक्रमों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान लोक निर्माण विभाग के रैस्ट हाउस में उन्हें जिला प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। इस मौके पर उनके साथ डायरेक्टर सामाजिक सुरक्षा और महिला व बाल विकास माधवी कटारिया, डिप्टी कमिश्नर संदीप हंस, एस.पी(मुख्यालय) मंजीत कौर, आम आदमी पार्टी की जिला प्रधान श्रीमती कर्मजोत कौर, कैबिनेट मंत्री ब्रम शंकर जिंपा की धर्मपत्नी श्रीमती विभा शर्मा, मेयर श्री सुरिंदर कुमार, सीनियर डिप्टी मेयर प्रवीन सैनी भी मौजूद थे।

होशियारपुर दौरे के दौरान कैबिनेट मंत्री ने जहां गांव ढोलनवाल के आंगनवाड़ी सैंटर में 'उडारियां बाल विकास मेले' का उद्घाटन कर मुख्य मेहमान के तौर पर शिरकत की वहीं सिविल अस्पताल परिसर में बने सखी वन स्टाप सैंटर की नई बनी ईमारत का भी उद्घाटन किया। इसके बाद



उन्होंने राम कालोनी कैंप स्थित ओल्ड एज होम, चिल्ड्रन होम, स्पैशल होम का भी दौरा कर वहां बुजुर्गों व बच्चों से मुलाकात कर उनकी जरुरतों को पहल के आधार पर पूरा करने का भरोसा दिलाया।

'उडारियां बाल विकास मेले' के दौरान उन्होंने संबोधित करते हुए आम लोगों को विभाग की ओर से चलाई जा रही स्कीमों का लाभ आंगनवाड़ी सैंटरों के माध्यम से लेने के लिए कहा। उन्होंने महिलाओं को इस अभियान में योगदान डालने के लिए आगे आने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इन मेलों का उद्देश्य आंगनवाड़ी सैंटरों के बच्चों को हर फ्रंट पर आगे लाकर उनका सर्वपक्षीय विकास करना है। उन्होंने बच्चों को पौष्टिक खाने संबंधी लगाई गई प्रदर्शनी व सैल्फ हैल्प ग्रुपों की ओर से लगाए गए स्टाल भी देखे। इस दौरान आंगनवाड़ी सैंटरों के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कैबिनेट मंत्री डा. बलजीत कौर ने सिविल अस्पताल होशियारपुर में 48.63 लाख रुपए की लागत से बने सखी वन स्टाप सैंटर के उद्घाटन करने के दौरान कहा कि विभाग महिलाओं के खिलाफ शारीरिक व मानसिक हिंसा को रोकने के लिए वचनबद्ध है और सखी वन स्टाफ सैंटर के माध्यम से जो महिलाएं किसी भी तरह की शारीरिक या मानसिक हिंसा से पीड़ित है, वे यहां आर निःशुल्क कानूनी सेवाएं, पुलिस संबंधी सहायता, रिहायश संबंधी सहायता व स्वास्थ्य संबंधी सहायता ले सकती हैं। उन्होंने बताया कि होशियारपुर में सखी वन स्टाप सैंटर की ओर से अब तक 670 केसों का निपटारा किया जा चुका है, जिनमें 342 घरेलू हिंसा से संबंधित है। इसके अलावा इन केसों में करीब 280 केसों में निःशुल्क मैडिकल सेवाएं व 71 केसों में निःशुल्क कानूनी सेवाएं प्रदान की गई है। उन्होंने वन स्टाप सैंटर के कर्मचारियों को अधिक से अधिक मेहनत से काम करने की हिदायत दी और महिलाओं को इस सैंटर का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर चेयरमैन नगर सुधार ट्रस्ट श्री हरमीत सिंह औलख, एस.डी.एम. प्रीतइंदर सिंह बैंस, जिला प्रोग्राम अधिकारी श्री अमरजीत सिंह भुल्लर, जिला सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता अधिकारी रजिंदर सिंह, सिविल सर्जन डा. प्रीत मोहिंदर सिंह, सहायक सिविल सर्जन डा. पवन कुमार, एस.एम.ओ डा. स्वाति, जिला बाल विकास अधिकारी डा. हरप्रीत कौर, राजेश्वर दयाल बब्बी, पार्षद जसपाल सिंह चेची, सतवंत सिंह सियान व अन्य गणमान्य भी मौजूद थे।

# मान सरकार ने सरकारी स्कूलों के लिए जारी की करोड़ों की ग्रांट

***मंत्री हरजोत बैंस ने कहा- सरकारी स्कूलों में नयी वस्तुओं की खरीद के लिए ख़र्च किये जाएंगे 45.66 करोड़ रुपए***

• **जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की तरफ से राज्य के सरकारी स्कूलों में बेहतर ढांचा स्थापित करने की दिशा में एक और कदम उठाते हुये सरकारी स्कूलों में ख़राब पड़ीं वस्तुओं की जगह नयी वस्तुओं की खरीद के लिए 45.66 करोड़ रुपए जारी किये गए हैं। यह जानकारी पंजाब राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस की तरफ से दी गई।

बैंस ने बताया कि यह राशि राज्य के सरकारी एलिमेंट्री (प्राइमार और मिडल) और हाई और सीनियर सेकंडरी स्कूलों को जारी की गई है। उन्होंने बताया कि इस राशि से स्कूलों में ख़राब हो चुके साजो-समान की जगह पर नये साजो-समान की खरीद की जानी है। उन्होंने बताया कि इसके इलावा खेल का साजो-समान, प्रयोगशाला के उपकरण और अपेक्षित टीचिंग सहायक सामग्री की खरीद की जा सकती है। इसके साथ ही इस राशि का प्रयोग बुनियादी ढांचे जिनमें क्लास रूम, पुस्तकालय, लैब, शौचालय और अन्य की देखभाल करना भी शामिल है।

बैंस ने बताया कि हर स्कूल के लिए यह भी निश्चित किया गया है कि इस स्कीम के अधीन प्राप्त राशि में से 10 प्रतिशत राशि स्वच्छता एक्शन प्लान के अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियों पर ख़र्च करेंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि भगवंत मान पंजाब के सरकारी स्कूलों को सही मायनों में शिक्षा केंद्र के तौर पर विकसित करने के लिए वचनबद्ध हैं।

# राज्य सरकार ने धान की निर्विघ्न खरीद का वायदा निभाया : लाल चंद कटारूचक्क

## बोले- 30 नवंबर तक पूरी कर ली जाएगी नीले कार्डों की वैरीफिकेशन

• **जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने मौजूदा धान के सीजन की शुरुआत से पहले सभी सम्बन्धित पक्षों किसान, मज़दूर, मिल्लर और आढ़तियों के साथ वायदा किया था कि उनको इस सीजन के दौरान कोई भी समस्या पेश नहीं आने दी जायेगी। सरकार अपने इस वायदे पर पूरी तरह खरी उतरी है जिसका प्रमाण इसी बात से मिलता है कि सरकार की तरफ से मौजूदा सीजन के दौरान राज्य भर की मंडियों में किये पुख़्ता प्रबंधों के कारण 184 लाख मीट्रिक टन धान के लक्ष्य में से अब तक 180 लाख मीट्रिक टन की खरीद भारत सरकार द्वारा निर्धारित किये



न्यूनतम समर्थन मूल्य 2060 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से की जा चुकी है और बाकी की खरीद भी आज शाम तक मुकम्मल हो जायेगी।

गुरुवार को यहां अनाज भवन में धान के खरीद सीजन सम्बन्धी पत्रकारों के रू-ब-रू होते हुये पंजाब के ख़ाद्य, सिवल सप्लाई और उपभोक्ता मामले मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने बताया कि इस बार मंडियों में किसानों को कोई भी मुश्किल पेश नहीं आने दी गई और समय पर खरीद और ढुलाई की गई। खरीद के केवल 4 घंटे बाद ही किसानों को उनके बैंक खातों में अदायगियाँ कर दीं गई।

उन्होंने बताया कि राज्य की खरीद एजेंसियों की तरफ से ख़रीदे गए धान के किसानों को अब तक 34263.40 करोड़ रुपए ख़ाद्य, सिवल सप्लाई और उपभोक्ता मामले विभाग के द्वारा अदा किये जा चुके हैं। उन्होंने आगे बताया कि राज्य के बहुत से जिलों की मंडियों में धान की सरकारी खरीद आज से बंद की जा चुकी है और कुछेक स्थानों पर रहती खरीद प्रक्रिया भी आज शाम तक मुकम्मल हो जायेगी। उन्होंने बताया कि जहाँ तक नीले कार्डों की वैरीफिकेशन का सम्बन्ध है तो यह 30 नवंबर तक पूरी कर ली जायेगी जिससे सिर्फ़ योग्य लाभार्थियों को ही यह सुविधा हासिल हो सके। उन्होंने इस सम्बन्धी ख़ुशी ज़ाहिर की कि सरकार की तरफ से बनायी कस्टम मिलिंग नीति की भारत सरकार की तरफ से सराहना की गई है और राज्य को यह जानकारी दूसरे राज्यों के साथ भी सांझी करने के लिए कहा गया है।

इस मौके पर दूसरों के इलावा ख़ाद्य, सिवल सप्लाई और उपभोक्ता मामले विभाग के प्रमुख सचिव श्री राहुल भंडारी, डायरैक्टर श्री घनश्याम थोरी और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# 19 व 20 नवंबर को प्राप्त किए जाएंगे वोटर सूची संबंधी एतराज व दावे : जिला चुनाव अधिकारी

• **जालंधर ब्रीज.होशियारपुर**



डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला चुनाव अधिकारी संदीप हंस ने बताया कि मुख्य चुनाव अधिकारी पंजाब की हिदायत के अनुसार योग्यता तिथि 01-01-2023 के आधार पर वोटर सूची के संशोधन के प्रोग्राम अनुसार 19 नवंबर दिन शनिवार व 20 नवंबर दिन रविवार को बूथ लैवल अधिकारियों की ओर से स्पैशल कैंप लगाकर पोलिंग बूथों पर वोटर सूची संबंधी एतराज व दावे लिए जाएंगे। उन्होंने समूह चुनाव रजिस्ट्रेशन अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो पोलिंग स्टेशन सरकारी ईमारत या किसी अन्य स्थान पर बने है, उन्हें 19 व 20 नवंबर को खुला रखा जाए व सभी बीएलओज को हिदायत की जाए कि वे उक्त तिथियों पर अपने पोलिंग स्टेशनों पर उपस्थित रहे।

जिला चुनाव अधिकारी ने कहा जिला शिक्षा अधिकारी (सेकेंडरी व एलीमेंट्री) को निर्देश देते हुए कहा कि जिन स्कूलों में पोलिंग स्टेशन बने हैं, उन स्कूलों के प्रिंसिपलों व स्कूल प्रमुख को हिदायत की जाए कि उक्त तिथियों को स्कूल के चौकिंदार या किसी जिम्मेदार कर्मचारी की ड्यूटी लगाकर पोलिंग बूथ वाला कमरा व मेन गेट खुला रखा जाए। इसके अलावा संबंधित बी.एल.ओज को जरुरी फर्नीचर मुहैया करवाया जाए।

# जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो में प्लेसमेंट कैंप आज

• **जालंधर ब्रीज.जालंधर**

बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो द्वारा आज शुक्रवार को अपने कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप लगाया जा रहा है, जिसमें युवाओं का मौके पर रोजगार के लिए चयन किया जायेगा।

इससे सबंधित ओर अधिक जानकारी देते हुए रोजगार उत्पति, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण अधिकारी रंजीत कौर ने बताया कि इस कैंप में एक्सिस बैंक और रूट्स आयुर्वेदिक कंपनियों द्वारा नौजवानों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए शिरकत की जायेगी। उन्होंने आगे बताया कि रिलेशनशिप ऑफिसर/सेल्स एक्जीक्यूटिव/डेवलपमेंट मैनेजर के पदों के लिए 10वीं/12वीं/ग्रेजूएशन शैक्षिक योग्यता वाले 18-35 वर्ष के युवा लड़के और लड़कियां भाग ले सकते हैं।

उन्होंने युवाओं से इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील करते हुए कैंप मे भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार दफ्तर के हेल्पलाइन नं. 90569-20100 पर संपर्क कर सकते हैं।

# शहरी व ग्रामीण इलाकों में की जा रही डेंगू रोकथाम से संबंधित उपायों की समीक्षा

***सिविल सर्जन डॉ. रमन शर्मा ने कहा- डेंगू के केस चाहे कम सामने आ रहे हों पर सर्वे व फॉगिंग के काम में किसी भी कीमत पर ढील न आने दी जाए***



• **जालंधर ब्रीज.जालंधर**

गत दिनों केंद्र सरकार की टीमों द्वारा कॉमन रिव्यू मिशन के अधीन फिरोजपुर व रोपड़ जिले के सरकारी अस्पतालों में सेहत सुविधाओं का सर्वेक्षण किया गया। उसी संबंध में सिविल सर्जन जालंधर डॉ. रमन शर्मा द्वारा दफ्तर सिविल सर्जन में जिला प्रोग्राम अधिकारियों व समूह मेडिकल अधिकारियों के साथ मीटिंग की गई। सिविल सर्जन द्वारा जिले की सेहत संस्थाओं में दी जा रहीं सेहत सुविधाओं व सरकार द्वारा चलाए जा रहे अलग-अलग सेहत प्रोग्रामों के संबंध में उठाए जा रहे कदमों का जायजा लिया गया व जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। उनके द्वारा एसएमओज़ को हिदायत करते हुए कहा गया कि कॉमन रिव्यू मिशन की रिपोर्ट के मुताबिक अपनी-अपनी सेहत संस्थाओं में प्रदान की जा रही सेहत सुविधाओं को परखा जाये व जरूरत अनुसार उपयुक्त उपाय किए जाएं।

सिविल सर्जन द्वारा डेंगू रोकथाम संबंधी शहीर व ग्रामीण इलाकों में किए जा रहे उपायों की समीक्षा की गई। उन्होंने हिदायत दी कि डेंगू के केस चाहे कम सामने आ रहे हों पर सर्वे व फॉगिंग के काम में ढील न आने दी जाए और डेंगू जागरूकता गतिविधियां जारी रखी जाएं। सरकार द्वारा सेहत सेवाओं का स्तर ऊंचा उठाने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं ताकि लोक जागरूक होने व प्राईवेट अस्पतालों को छोड़कर सरकारी सेहत संस्थाओं में उपचार करवाएं।

# प्लान स्कीमों एवं विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने के आदेश

## उपयोगिता प्रमाणपत्र 5 दिवस के अन्दर प्रस्तुत करने के निर्देश



• **जालंधर ब्रीज.कपूरथला**

डिप्टी कमिश्नर कपूरथला विशेष सारंगल ने नगर निगम कपूरथला एवं फगवाड़ा, नगर कौंसलों, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्लान स्कीमों एवं एमपी लैड के तहत जारी राशि से किए जा रहे विकास कार्यो को निर्धारित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। डिप्टी कमिश्नर ने गुरूवार को यहां जिला प्रशासनिक कंपलैक्स में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक के दौरान विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभागों के आला अधिकारी व्यक्तिगत रूप से समय पर विकास कार्यों को पूरा करने की निगरानी करें ताकि प्रोजैक्ट को पूरा किया जा सके। ताकि लोगों बेहतर तरीके से सेवाएं प्रदान की जा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि एमपी लैड के तहत जिन विभागों को विभिन्न विकास कार्यो के लिए जारी किया गया है, वे 5 दिनों के भीतर उपयोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें और बकाया राशि की जानकारी भी तत्काल उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग के जिला मुखी उपयोगिता प्रमाणपत्र जमा करने की जिम्मेदारी सीधे तौर पर होगी, ताकि जरूरत के मुताबिक और फंड जारी कर विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके।

मीटिंग दौरान नगर निगम फगवाड़ा के कमिश्नर डॉ. नयन जसल, नगर निगम कमिश्नर कपूरथला अनुपम केलर, एसडीएम लाल विश्वास बैंस, डीडीपीओ हरजिंदर सिंह और लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग के उच्च अधिकारी भी उपस्थित थे।

### मतदाता सूचियों की सरसरी सुधाई मुहिम तहत विशेष कैंप 19 से

जिला चुनाव अधिकारी-कम-डिप्टी कमिश्नर विशेष सारंगल ने बताया है कि भारत चुनाव कमिश्नर द्वारा योग्ता तिथि 01 जनवरी 2023 के आधार पर मतदाता सूचियों के प्रारंभिक प्रकाशन के उपरान्त सरसरी सुधार के लिए सभी मतदान केन्द्र एवं शिविर दिनांक 19 नवम्बर से 4 दिसंबर तक लग रहे हैं। सभी पोलिंग बूथों ऊपर 19 व 20 नवम्बर, 3 व 4 दिसम्बर को बी.एल.ओ द्वारा अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर बैठकर दावों एवं एतराज प्राप्त किया जायेगा। उन्होंने लोगों से मतदान, संशोधन या वोट बनवाने संबंधी फार्म भरकर संबंधित बूथ स्तरीय अधिकारी को देने की अपील की। दावों-आपत्तियों का निस्तारण 26 दिसंबर को किया जाएगा, जबकि मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी, 2023 को होगा।

# पांड्या की कप्तानी में न्यूजीलैंड का सामना करेगी टीम इंडिया

## टीम इंडिया में हुए कई बड़े बदलाव, सीनियर खिलाड़ियों को दिया गया आराम, पहला मुकाबला 19 को

**मुंबई.** टी20 विश्व कप 2022 खत्म हो चुका है। टी20 विश्व कप में भारतीय टीम का सफर सेमीफाइनल तक ही था। टीम इंडिया इस बार टी20 विश्व कप की विजेता के रूप में मानी जा रही थी। लेकिन आखिरी क्षणों में टीम इंडिया का प्रदर्शन काफी खराब रहा। सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड की टीम ने भारतीय टीम को 10 विकेट से हरा दिया। टी20 विश्व कप में मिली कड़वी याद को टीम इंडिया अब भुलाना चाहेगी। फिलहाल टीम इंडिया न्यूजीलैंड के दौरे पर है। टीम इंडिया में कई बड़े बदलाव हुए हैं। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में युवा बिग्रेड न्यूजीलैंड का सामना करेगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला मुकाबला 18 नवंबर को खेला जाएगा। न्यूजीलैंड टीम में भले ही बड़े बदलाव नहीं हुए हैं। लेकिन टीम इंडिया में कई बड़े बदलाव हुआ है।

टी20 विश्व कप के बाद टीम में सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। यहां तक कि हेड कोच राहुल द्रविड़ भी न्यूजीलैंड दौरे पर नहीं है। राहुल द्रविड़ की जगह वीवीएस लक्ष्मण कोच की भूमिका निभा रहे हैं। हालांकि, टीम इंडिया के लिए सबसे बड़ा सवाल यही है कि प्लेइंग इलेवन कौन होगा? साथ ही साथ सवाल यह भी है ईशान किशन के साथ टीम इंडिया के लिए ओपनिंग कौन करेगा?




• फोटो-बीसीसीआई

अब तक जो संभावनाएं दिख रही है उसके मुताबिक के ईशान किशन और शुभमन गिल टीम इंडिया की पारी का आगाज कर सकते हैं। नंबर तीन पर श्रेयस अय्यर या फिर संजू सैमसन में से किसी एक को मौका दिया जा सकता है। चौथे नंबर पर सुर्य कुमार यादव बल्लेबाजी करेंगे। पांचवें पर कप्तान हार्दिक पांड्या आएंगे। छठे नंबर पर ऋषभ पंत रहेंगे। सातवें पर दीपक हुडा या फिर वाशिंगटन सुंदर को मौका मिल सकता है।

टीम में भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक तेज गेंदबाजी की भूमिका निभाएंगे। वहीं, यूज़वेंद्र चहल स्पिन गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगे। पहले मुकाबले में कुलदीप यादव, हर्षल पटेल और मोहम्मद सिराज को बाहर बैठना पड़ सकता है। न्यूजीलैंड के लिए भी खुद को साबित करने का अच्छा मौका है। न्यूजीलैंड भी सेमीफाइनल में हार के बाद टी20 विश्व कप से बाहर हुई थी। न्यूजीलैंड को पाकिस्तान के खिलाफ हार मिली थी। केन विलियमसन को खुद को एक बार फिर से साबित करने की आवश्यकता होगी। वहीं, तेज गेंदबाजों को भारत के खिलाफ अपना दमखम दिखाना होगा। टीम सऊदी और लौकी फर्गुसन भी न्यूजीलैंड की टीम में हैं। हालांकि, ट्रेंट बोल्ट टीम में फिलहाल नहीं हैं।

### कंप्यूटर टाइपिंग एवं शॉटहैंड प्रशिक्षण के लिए आखिरी तारीक 25 नवंबर

• **जालंधर ब्रीज.जालंधर**

खोज अधिकारी नवनीत राय ने बताया कि भाषा विभाग, जालंधर द्वारा पंजाबी कंप्यूटर टाइप और शॉर्टहैंड के दाखले की तिथि 25 नवंबर 2022 तक बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि पंजाबी कंप्यूटर टाइप और शॉर्टहैंड प्रशिक्षण कोर्स के लिए कुछ सीटें खाली हैं और इस एक वर्षीय कोर्स में दाखिले के लिए विद्यार्थी ग्रैजुएशन पास होना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि इच्छुक शिक्षार्थी जिला भाषा कार्यालय, दूसरी मंजिल तहसील कांपलैक्स, जालंधर में दाखिला ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए आवेदक मोबाइल नंबर 99882-10590 पर संपर्क कर सकते हैं।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.